# सिम्फनी लिमिटेड ने दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लांच की

**पटना।** एवोपरेटिव एयर कूलरों में वैश्विक अग्रणी कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने बीएलडीसी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लांच की। अत्यधिक ऊर्जा कुशल ऐसी बीएलडीसी एयर कूलर रेंज, अन्य कूलरों की तुलना में 60प्रतिशत तक कम बिजली की खपत करते हैं जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष रु.2,000 तक की ऊर्जा की बचत होती है। कंपनी ने बीएलडीसी रेंज में 80 लीटर, 55 लीटर और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल लांच किए हैं। अत्यधिक ऊर्जा कुशल होने के अलावा, इसमें अतिरिक्त सुविधाओं जैसे 7-गति विकल्प, 8 घंटे तक की नाइट स्लीप मोड, टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल आदि भी हैं। सिम्फनी कूलर्स को इस तरह से बनाए गए है जो प्रति वर्ष 18 पेड़ लगाने' के बराबर कार्बन फुटप्रिंट को कम करते है और एयर कंडीशनर की तुलना में केवल 10प्रतिशत ऊर्जा की खपत करते है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री अचल बकेरी ने कहा सिम्फनी में हम कल के बारे में आज सोचते हैं। हमारा प्रयास हमेशा ग्रह और इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना रहा है, जो हमारे ब्रांड टैगलाइन थिंकिंग ऑफटुमॉरो के माध्यम से परिलक्षित होता है।